सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

प्रेसनोट दिनांक 07.11.2026

इटावा पुलिस द्वारा अवैध आतिशबाजी/पटाखों के साथ 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 72.500 किलोग्राम अवैध विस्फोटक (बारूद निर्मित) अनुमानित कीमत लगभग 1,25,000/- रू0 की आतिशबाजी/पटाखे बरामद।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण इटावा श्री श्रीशचन्द्र के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी भरथना श्री रामदवन मौर्य के नेतृत्व में **थाना ऊसराहार** द्वारा की गयी कार्यवाही।

घटना/गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरण:-

सुरक्षित, सौम्य एवं दुर्घटनारहित दीपावली सम्पन्न कराने की शासन की मंशानुरुप एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन मे जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में अवैध रुप से पटाखा निर्माण, भंडारण एवं विक्रय करने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम मे थाना ऊसराहार पुलिस द्वारा आज दिनांक 06.11.2026 को **01 अभियुक्त देवेन्द्र उर्फ डिंपल पुत्र प्रमोद कुमार अवैध आतिशबाजी/पटाखों के साथ में अनुमानित कीमत लगभग 01 लाख 25 हजार रूपये सहित भरतिया गांव ऊसराहार से गिरफ्तार किया गया।**

गिरफ्तार अभियुक्त

1. देवेन्द्र उर्फ डिंपल पुत्र प्रमोद कुमार निवासी ग्राम कठौतिया, थाना ऊसराहार, जनपद इटावा, उम्र करीब 27 वर्ष।

पुलिस पूछताछ-

पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त से नाम पता पूछताछ की गयी तो बताया कि मैने आतिशवाजी/पटाखा का भंडारण किया था जिसको बेचकर लाभ कमाना चाहते थे।

पंजीकृत अभियोग-

1. मु0अ0सं0 202/2026 धारा 5/9(ख)1(ख) विस्फोटक पदार्थ अधिनियम,1884 थाना ऊसराहार जनपद इटावा।

बरामदगी-

1. 06 कार्टून — **विभिन्न प्रकार के ब्रांड की आतिशबाजी बरामद, कीमत लगभग 1,25,000/- रु0**

पुलिस टीम:- प्रभारी निरीक्ष ऊसराहार श्री नारेन्द्र कुमार मिश्रा,उ0नि0 श्री बृजेश कुमार, हे0का0 योगेश कुमार, का0 शिवनाथ, का0 नरेन्द्र कुमार (चालक), का0 अभिषेक तिवारी।




SPACE